कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने पटवारी को 50 हजार रूपये की रिश्वत ट्रेप किया

जयपुर, 16 अप्रेल। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अजमेर टीम ने सोमवार को कार्यवाही करते हुए श्री संजय जैन पटवारी, पटवार हल्का–नून्दरी मालदेव, अतिरिक्त चार्ज नयानगर, तहसील ब्यावर जिला अजमेर को 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरीक्षक श्री सचिन मित्तल ने बताया कि परिवादी श्री अमित प्रजापत ने एसीबी में शिकायत दी कि उसके प्लॉट को आबादी व चारागाह के शामिलात खसरे में होने से उसे चारागाह क्षेत्र के बहार दर्शाने के एवज में श्री संजय जैन पटवारी उससे 5 लाख रूपये की रिश्वत की राशि की मांग कर रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उप अधीक्षक पुलिस अजमेर श्री महिपाल चौधरी के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवाया, सत्यापन के दौरान् पटवारी ने परिवदी को 4.5 लाख रूपये का चैक एवं 50 हजार रूपये नगद देने के लिए कहा। जिस पर आज एसीबी ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए पटवारी श्री संजय जैन को 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवं अग्रिम कार्यवाही जारी है।